भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 893**

(जिसका उत्तर मंगलवार, 28 जुलाई, 2015/ 6 श्रावण, 1937 (शक) को दिया जाने वाला है)

**राज्यों को केन्द्रीय कर का अंतरण**

**893. श्री अनिल देसाईः**

**क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या राज्यों को किया जाने वाला केन्द्रीय कर का अंतरण 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ख) क्या राज्यों को किया जाने वाला केन्द्रीय बजट का कुल अंतरण सकल घरेलू उत्पाद के 6.1 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत कर दिया गया; और**

**(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण है। और केन्द्रीय सरकार राज्यों को दिए जाने वाले केन्द्रीय बजट को बढ़ाने हेतु क्या-क्या सुधारात्मक उपाय कर रही है?**

उत्तर

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जयंत सिन्हा)**

(क) जी, हां। सरकार ने 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है और केन्द्रीय करों/शुल्कों के विभाज्य पूल में राज्यों की हिस्सेदारी में 10 प्रतिशत की वृद्धि करके उसे 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया है। इसलिए 2015-16 के दौरान जारी किए जाने वाला केन्द्रीय करों/शुल्कों में राज्यों का प्रस्तावित हिस्सा (14वें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार) 2014-15 के दौरान जारी किए गए 3,37,808.45 करोड़ रु. (13वें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार) से बढ़कर 5,23,958.24 करोड़ रु. हो गया है। राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध 'क' में दिया गया है।

(ख) जी, नहीं। सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में राज्यों को अंतरित कुल संसाधन 2014-15 (सं.अ) के 5.72 प्रतिशत से बढ़कर 2015-16 (ब.अ.) में 6.21 प्रतिशत हो गया है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

****

अनुबंध 'क'

**2014-15 के दौरान (13वें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार) जारी किए गए केन्द्रीय करों एवं शुल्कों में राज्यों के हिस्से और 2015-16 के दौरान (14वें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार) जारी किए जाने के लिए प्रस्तावित केन्द्रीय करों/शुल्कों में राज्यों के हिस्से का तुलनात्मक विवरण।**

(करोड़ रु.)

| क्र.सं. | नाम | 2015-16 (ब.अ.) | 2014-15 (वास्तविक) |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 22637.97 | 13692.42 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 7231.74 | 1109.98 |
| 3 | असम | 17400.88 | 12283.71 |
| 4 | बिहार | 50747.58 | 36963.07 |
| 5 | छतीसगढ | 16213.35 | 8363.03 |
| 6 | गोवा | 1981.44 | 900.54 |
| 7 | गुजरात | 16236.04 | 10296.35 |
| 8 | हरियाणा | 5685.85 | 3548.09 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3743.71 | 2644.17 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 8087.88 | 4477.23 |
| 11 | झारखण्ड | 16498.80 | 9487.01 |
| 12 | कर्नाटक | 24789.78 | 14654.25 |
| 13 | केरल | 13121.77 | 7926.29 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 39705.39 | 24106.99 |
| 15 | महाराष्ट्र | 29061.94 | 17602.97 |
| 16 | मणिपुर | 3238.08 | 1526.95 |
| 17 | मेघालय | 3370.84 | 1381.69 |
| 18 | मिजोरम | 2413.72 | 910.67 |
| 19 | नागालैंड | 2613.71 | 1062.69 |
| 20 | ओडिशा | 24411.60 | 16181.21 |
| 21 | पंजाब | 8273.35 | 4702.97 |
| 22 | राजस्थान | 28924.83 | 19817.14 |
| 23 | सिक्किम | 1924.69 | 809.33 |
| 24 | तमिलनाडु | 21149.89 | 16824.03 |
| 25 | तेलंगाना | 12823.25 | 9795.40 |
| 26 | त्रिपुरा | 3369.08 | 1730.13 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 94313.46 | 66622.91 |
| 28 | उत्तराखंड | 5526.08 | 3792.30 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 38461.54 | 24594.93 |
| | कुल | **523958.24** | **337808.45** |